बारह बार होंगे डबल हेडर, फाइनल ईडन गार्डंस में , प्लेऑफ 20 मई से

कोलकाता - बेंगलुरु के बीच होगा आईपीएल का ओपनिंग मुकाबला

एजेंसी ॥ नई दिल्ली

22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की शुरुआत हो रही है। पहला मैच डिफेंडिंग चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा। ओपनिंग सेरेमनी भी कोलकाता में ही होगी।

कितनी टीमें खेल रही हैं

10 ही टीमें हिस्सा ले रही हैं। BCCI ने 2022 में टीमों को 8 से बढ़ाकर 10 कर दिया था। तब से लीग में 10 टीमें ही खेल रही हैं।

किस ग्रुप में कौन-सी टीम है

10 टीमों को 5-5 के दो ग्रुप में बांटा गया है। 1 टीम अपने ग्रुप की 4 टीमों से 2-2 मैच खेलेगी, जबकि दूसरे ग्रुप की 4 टीमों से एक-एक और पांचवीं टीम से 2 मैच खेलेगी। मान लीजिए ग्रुप-ए की टीम CSK अपने ग्रुप में KKR, RR, RCB और PBKS से 2-2 मैच खेलेगी। वहीं, दूसरे ग्रुप-बी की एक टीम मुंबई के खिलाफ चेन्नई के 2 मैच होंगे, वहीं हैदराबाद, गुजरात, दिल्ली और लखनऊ के खिलाफ 1-1 मैच होगा।

क्या ऑक्शन के बाद भी टीमों ने खिलाड़ी बदले

मेगा ऑक्शन के बाद कुछ टीमों ने अलग-अलग कारणों से अपने खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट जारी किए। हैरी ब्रूक निजी कारणों की वजह से नहीं खेल रहे हैं। वहीं अल्लाह गजनफर, लिजाड विलियम्स, ब्रायडन कार्स और उमरान मलिक इंजरी के कारण बाहर हो

गए हैं। लीग के दौरान शनिवार और रविवार को डबल हेडर मैच होते हैं। डबल हेडर यानी कि एक दिन में दो मुकाबले। इस बार 12 डबल हेडर होंगे। 22 मार्च से हर दिन मैच खेले जाएंगे। 18 मई को ग्रुप स्टेज खत्म होगा। प्लेऑफ के दौरान 19, 22 और 24 मई को मैच नहीं होंगे। 18वें सीजन का पहला डबल हेडर 23 मार्च को होगा। दोपहर 3.30 बजे से SRH और RR हैदराबाद में भिड़ेंगी। वहीं शाम 7.30 बजे से मुंबई और चेन्नई के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मार्च में इसके बाद 30 तारीख को ही डबल हेडर होगा। अप्रैल में 5, 6, 12, 13, 19, 20 और 27 तारीख को एक दिन में 2 मैच होंगे। वहीं मई में 4, 11 और 18 तारीख को डबल हेडर खेले जाएंगे। सभी डबल हेडर शनिवार या रविवार को ही होंगे। प्लेऑफ स्टेज 20 मई को शुरू होगा, इस दिन क्वालिफायर-1 खेला जाएगा। फिर 21 मई को एलिमिनेटर, 23 मई को क्वालिफायर-2 होगा। फिर 25 मई को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस सीजन भी इम्पैक्ट प्लेयर्स रूल रहेगा। BCCI ने 28 सितंबर 2024 को गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद इम्पैक्ट प्लेयर्स रूल को 2025 से 2027 तक जारी रखने का फैसला किया था। इम्पैक्ट प्लेयर रूल के तहत टीमें बीच मैच में किसी एक प्लेयर को बेंच पर बैठे खिलाड़ी से रिप्लेस कर सकती हैं। हालांकि, रिप्लेस किया गया खिलाड़ी उस मैच में वापस नहीं आ सकता है। इस तरह एक मुकाबले में एक टीम से 12 खिलाड़ी खेलते हैं।

एक टीम में कितने विदेशी

किसी टीम की प्लेइंग-11 में विदेश के 4 खिलाड़ी ही खेल सकते हैं, बाकी 7 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देना होगा। टीमें चाहें तो 11 भारतीय प्लेयर के साथ भी उतर सकती हैं। दोनों टीमें अगर अपनी-अपनी पारियों में बराबर रन बनाती हैं तो मैच टाई होता है। इसके बाद फैसले के लिए सुपर ओवर खेला जाता है। इसमें दोनों टीमें 1-1 ओवर बैटिंग करती हैं, ज्यादा रन बनाने वाली टीम विजेता होती है। सुपर ओवर भी टाई रहा तो अगला सुपर ओवर होगा। यह तब तक होगा, जब तक नतीजा नहीं आ जाता। मैच किसी भी कारण से बेनतीजा रहता है तो दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया जाएगा। मैच जीतने पर 2 और हारने पर कोई पॉइंट नहीं मिलता।

कितने वेन्यू पर मैच होंगे

- 13 वेन्यू पर मैच होते जाएंगे। 10 टीमों के होम वेन्यू के अलावा, 3 टीमों ने सब्सिट्यूट वेन्यू भी रखे हैं।
- गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम वे 2 मैच होंगे।
- धर्मशाला पंजाब किंग्स का दूसरा होम ग्राउंड है। यहां टीम वे 3 मैच होंगे।
- विशाखापट्टनम दिल्ली कैपिटल्स का दूसरा होमग्राउंड है। यहां टीम 2 मैच खेलेगी।
- सबसे ज्यादा 9-9 मुकाबले कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम और हैदराबाद के राजीव गांधी इण्टल इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे। यहां टीम वे 7 होम मैचों के अलावा प्लेऑफ के 2-2 मुकाबले भी होंगे।
- पर्पएत रही है कि टूर्नामेंट का ओपनिंग और फाइनल मैच पिछली टीपिक के होम ग्राउंड पर खेला जाता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह दोनों मैच होंगे। कोलकाता में 23 मई को क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा।
- पिछले सीजन की रनर-अप टीम सनराइजर्स हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी इण्टल स्टेडियम में भी 2 प्लेऑफ मैच होंगे। यहां 20 मई को क्वालिफायर-1 और 21 मई को एलिमिनेटर खेला जाएगा

आईपीएल के पूरे सीजन से उमरान मलिक बाहर

नई दिल्ली। तेज गेंदबाज उमरान मलिक आईपीएल 2025 के पूरे सीजन से चोट की वजह से बाहर हो गए हैं। लीग का यह सीजन 22 मार्च से शुरू होकर 25 मई तक चलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनकी जगह लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर चेतन सकारिया को टीम में शामिल किया गया है। चेतन सकारिया भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके हैं। सकारिया ने एक वनडे और दो टी-20 इंटरनेशनल मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह 19 IPL मैच भी खेले हैं, जिनमें उन्होंने 20 विकेट लिए हैं। सकारिया को 75 लाख रुपए में टीम में शामिल किया है। नेट गेंदबाज के तौर पर KKR से जुड़े थे चेतन सकारिया चेतन सकारिया को IPL-2025 के मेगा ऑक्शन में कोई भी खरीददार नहीं मिला था। इसके बाद सकारिया कोलकाता नाइट राइडर्स की

टीम में बतौर नेट गेंदबाज शामिल हुए थे। अब KKR ने उन्हें उमरान मलिक के रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल कर लिया। IPL-2025 का पहला मैच खेलेगी KKR IPL का यह 18वां सीजन है, जो मार्च 22 से खेला जाना है। इस सीजन का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाना है। यह मैच KKR के होम ग्राउंड ईडन गार्ड्स में खेला जाएगा।

पाकिस्तान क्रिकेट के पतन से चिंतित हैं इंजमाम उल हक

पीसीबी को जिम्मेदार ठहराते हुए बोले- गलत हो रहा

एजेंसी ॥ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट के हालात बेहद ही खराब नजर आ रहे हैं। हाल ही में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी में टीम ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। इसके बाद अब टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान टीम की इस नाजुक हालत पर अब पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने देश में क्रिकेट के पतन पर के लिए इस खेल को संचालित कर रहे लोगों की कई क्षेत्रों में की गई गलतियों को जिम्मेदार ठहराया। इंजमाम ने कहा कि पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन में बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा, हम सही दिशा में काम नहीं कर रहे हैं और कई क्षेत्रों में लगातार गलतियां कर रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान पाकिस्तान था, लेकिन भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था। फाइनल सहित भारत के सभी मुकाबले दुबई में कराए गए थे। पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा था और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया था। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में खिताब के बचाव के इरादे से उतरी थी। राष्ट्रीय चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष इंजमाम ने आगाह किया कि अगर जल्द ही ठोस योजना तैयार नहीं की गई तो यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने इसके लिए टीम प्रबंधन, कोच और खिलाड़ियों में लगातार बदलाव को जिम्मेदार ठहराया। इंजमाम ने कहा- मेरा मानना है कि क्रिकेट बोर्ड को अब अपनी गलतियों से सीख लेनी चाहिए और उन गलतियों को दोहराने से बचना चाहिए जो वह पिछले दो वर्ष से कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों में पाकिस्तान की टीम के प्रदर्शन में बहुत गिरावट आई है। अगर हमने तुरंत सही दिशा में कदम नहीं उठाए तो यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी। हमें बैठकर इस पर विचार करना चाहिए कि हमने कहां गलतियां की। पाकिस्तान ग्रुप ए में शामिल था जिसमें भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश थे। पाकिस्तान को सबसे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ हार मिली और फिर अगले मैच में भारत ने हराकर उसे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। बांग्लादेश के खिलाफ उसका मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा इससे टीम टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं जीत सकी। दिलचस्प बात यह है कि मेजबानी के बावजूद पाकिस्तान अपने घरेलू मैदान पर सिर्फ एक मैच खेल सका क्योंकि भारत के खिलाफ उसका मैच दुबई में हुआ था।

मेसी अर्जेंटीना की वर्ल्ड कप क्वालिफायर टीम से बाहर

नई दिल्ली। अर्जेंटीना के स्टार लियोनल मेसी उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिकी वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग मैचों में नहीं खेल पाएंगे। इसका ऐलान टीम के कोच लियोनेल स्कैलोनी ने किया। अर्जेंटीना को ऊरुग्वे के खिलाफ उसके घर में शुक्रवार (21 मार्च) को मैच खेलना है और ब्राजील के खिलाफ 25 मार्च को मेजबानी करनी है। चोट की वजह से टीम से बाहर हैं मेसी मेसी चोट की वजह से वर्ल्ड कप क्वालिफाइंग मैच में नहीं खेल रहे हैं। हालांकि, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने मेसी के बाहर होने का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया। वहीं अर्जेंटीना मीडिया ने बताया कि रविवार को मेजर लीग सॉकर में अटलांटा यूनाइटेड पर इंटर मियामी की 2-1 की जीत के दौरान स्टार फॉरवर्ड को बाईं जांघ में दर्द हुआ था। मेसी ने 90 मिनट का पूरा खेल खेला और अपनी वापसी पर पहला गोल दागा। इससे पहले उन्होंने तीन लगातार मैचों में लोड प्रबंधन के कारण भाग नहीं लिया था।

मोईन अली ने किया बीसीसीआई का समर्थन, हैरी ब्रूक पर लगे दो साल के प्रतिबंध को जायज ठहराया

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली का मानना है कि आईपीएल से ऐन मौके पर नाम वापिस लेने वाले हैरी ब्रूक पर बीसीसीआई का दो साल का प्रतिबंध सख्त नहीं है। ब्रूक ने लगातार दूसरी बार आईपीएल से नाम वापिस लिया है। बता दें, आईपीएल 2025 की शुरुआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 22 मार्च से टूर्नामेंट का आगाज होगा। सभी टीमों के खिलाड़ी अपने-अपने स्क्वॉड से जुड़ने के लिए पहुंच रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने टूर्नामेंट से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त किया था। यह लगातार दूसरा सत्र है जब 26 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है। इस पर मोईन ने बीयर्ड बिफोर क्रिकेट पॉडकास्ट में कहा- यह सख्त नहीं है। मैं इससे सहमत हूं। कई लोग नाम वापिस ले लेते हैं और फिर वापिस आकर बेहतर वित्तीय पैकेज लेते हैं।

सच बाजार

क्रेडाई का प्रतिनिधिमंडल जनप्रतिनिधियों से मिला

जताई गाइडलाइन दरों की वृद्धि पर आपत्ति, निराकरण तक रोक की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ॥ भोपाल

राजधानी में संपत्ति गाइडलाइन दरों में प्रस्तावित अनावश्यक और असंतुलित वृद्धि को लेकर क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। मंत्री विश्वास सारंग और विधायक रामेश्वर शर्मा ने गाइडलाइन दरों में असामान्य वृद्धि को अनुचित बताते हुए कहा कि जब तक उचित निराकरण नहीं हो जाता, इसे रोका जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल आज उपमुख्यमंत्री सहित विधायक कृष्णा गौर और भगवान दास सबनानी से मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भोपाल संभाग में गाइडलाइन दरों में 300 फीसदी से 615 फीसदी तक वृद्धि हुई है। भूमि उपयोग में बदलाव नहीं, फिर भी दरों में बढ़ोतरी जारी है। बढ़े हुए रेट से रियल एस्टेट निवेश और आम नागरिकों पर वित्तीय बोझ बढ़ा है। संपत्ति बाजार में मंदी, राजस्व पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

विधायकों का समर्थन

मंत्री विश्वास सारंग और विधायक रामेश्वर शर्मा ने क्रेडाई की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि संपत्ति

बाजार और नागरिकों के हित में इस वृद्धि को तत्काल रोका जाना चाहिए। उन्होंने प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए क्रेडाई की मांग को न्यायसंगत बताया। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि गाइडलाइन दरों में असंतुलित वृद्धि से भोपाल संभाग में संपत्ति बाजार प्रभावित हो रहा है, जिससे आम नागरिकों, व्यवसायियों, निवेशकों और डेवलपर्स को नुकसान हो रहा है। इस पर ठोस और पारदर्शी नीति बननी चाहिए। क्रेडाई ने सरकार से मांग की है कि गाइडलाइन दरों का संपूर्ण ऐतिहासिक डेटा सार्वजनिक किया जाए, मूल्य वृद्धि की प्रक्रिया को वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाया जाए और स्वतंत्र समिति द्वारा समीक्षा रिपोर्ट आने तक वृद्धि स्थगित की जाए।

भोपाल में प्रॉपर्टी के लैंड यूज पिछले 20 सालों से यथावत

विडंबना है कि भोपाल में प्रॉपर्टी के लैंड यूज पिछले 20 सालों से यथावत रखे गए हैं, परंतु गाइडलाइन दरों और संपत्ति के मूल्यांकन में प्रतिवर्ष बदलाव जारी हैं, बल्कि इस वित्तीय वर्ष से तो लगता है सरकारी रेट पूरे साल डायनैमिक या रियल टाइम बेसिस पर रखने के प्रयास हो रहे हैं, जबकि प्रॉपर्टी की वास्तविक कीमतें जानने की कोई वैज्ञानिक विधि निर्धारित नहीं है। गाइडलाइन दरों में बदलाव के उल्लेखित सिद्धांतों में कई बिंदु मात्र अनुमान पर आधारित हैं। अनियोजित राजधानी में प्रस्तावित इंफ्रास्ट्रक्चर की घोषणा जमीनों की कीमतों में अवांछनीय अटकलबाजी बढ़ाती है। योजनाओं का अत्यन्त धीमा जमीनी क्रियान्वयन और इसपर आधारित कीमतों में अनावश्यक वृद्धि बाजार और राजस्व पर विपरीत प्रभाव डालती हैं।

उपबंधों को तत्काल समाप्त करें तथा अगले तीन वर्षों के लिए सर्किल रेट में कोई वृद्धि न करें

इसके अतिरिक्त, इस प्रकार की नीतियों का प्रतिकूल प्रभाव राज्य के राजस्व पर भी पड़ सकता है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा जैसे राज्यों के अनुभव से यह साबित हुआ है कि अत्यधिक सर्किल रेट से संपत्ति लेन-देन में कमी आती है, जिससे राजस्व में अपेक्षित वृद्धि नहीं होती। हमारी मांग है कि राज्य सरकार गाइडलाइन रेट प्री-कोविड इयर के स्तर लाए, उपबंधों को तत्काल समाप्त करें तथा अगले तीन वर्षों के लिए सर्किल रेट में कोई वृद्धि न करे और इस अवधि में निवेश, व्यापार, और राजस्व की स्थिति का निष्पक्ष आकलन किया जाए। यह कदम जनहित में होगा राज्य, राजधानी और राजस्व के विकास में योगदान देगा। सरकार से आग्रह है कि इस वृद्धि पर पुनर्विचार कर लोकहित और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करें।

डॉ. लक्ष्मी वेणु बनेंगी टैफे की नई वाइस चेयरमैन

वाणिज्य प्रतिनिधि ॥ भोपाल

प्रमुख ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड की डायरेक्टर डॉ. लक्ष्मी वेणु को टैफे की वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। डॉ. लक्ष्मी एक प्रभावशाली लीडर हैं, जिन्होंने कृषि मशीनीकरण और ऑटो कंपोनेंट व्यवसाय में कई उपलब्धियां अपने नाम की हैं।

डॉ. लक्ष्मी रणनीतिक विचार, कस्टमर-सेंट्रिक अप्रोच रखने, गुणवत्ता को उचित महत्व देने के साथ-साथ टैफे के मैसी फर्ग्यूसन और आयशर ट्रैक्टर के व्यवसाय में काफी गहराई से संलिप्त हैं। यह उनके लीडरशिप एवं लोगों, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस सम्मान में टैफे ने डॉ. लक्ष्मी वेणु को टैफे बोर्ड का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। ऊस्रश्व की चेयरमैन एवं एमडी मल्लिका श्रीनिवासन ने कहा कि डॉ. लक्ष्मी हमारी लीडरशिप टीम की एक अहम सदस्य और TAFE बोर्ड की सदस्य रही हैं। उनके इस प्रभावशाली योगदान को देखते हुए, बोर्ड अति प्रसन्नता सहित उन्हें वाइस चेयरमैन नियुक्त कर रहा है।

अमेजन ने की यूथ4जॉब्स के साथ की साझेदारी

मुंबई। अमेजन इंडिया, भारत में विकलांग युवाओं को गरीबी मुक्त जीवन जीने में मदद करने वाले संगठन यूथ4जॉब्स फाउंडेशन के साथ गठजोड़ कर रही है। इस भागीदारी का उद्देश्य है, विकलांग महिला विक्रेताओं (सेलर) को अमेजन.इन के जरिए अपने व्यवसाय के ऑनलाइन विस्तार में सहायता प्रदान करना। कंपनी अमेज़न सहेली कार्यक्रम के जरिए प्रतिभाशाली विकलांग महिलाओं को व्यापक बाजार के अवसरों से जोड़ेगी ताकि वे डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें।

फेडरल बैंक ब्रांच की हुई री-लांचिंग

भोपाल। फेडरल बैंक एमपी नगर जोन-2 में री लांचिंग की। इस कार्यक्रम में नगर निगम की महापौर मालती राय सेज ग्रुप के संजीव अग्रवाल ,राजेश मिश्रा रिटायर्ड आईएएस और बैंक के वाइस प्रेसिडेंट शशिभरण शामिल हुए। इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि एमपी नगर में हमारी ब्रांच 33 वर्षों से सेवा दे रही है, वहीं भोपाल में हम अन्य जगह भी ब्रांच खोलने जा रहे हैं और उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य की हमारा कस्टमर हमेशा खुश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शशीकरण ने कहा कि फेडरल बैंक पिछले 31 वर्षों से भोपाल में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। महापौर मालती राय ने आम जनता तक अपनी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए आभार एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मौजूद शाखा प्रमुख योगेश शर्मा ने बताया कि पुन: समर्पण के माध्यम से ग्राहकों का बैंकिंग अनुभव और सुगम होगा।

यूजेनिक्स हेयर साइंसेज छू रहा हेयर ट्रांसप्लांट में नई ऊंचाइयों को

भोपाल। हेयर ट्रांसप्लांट उद्योग तेज़ी से वृद्धि कर रहा है, जहां यह बाजार 2032 तक यूएसडी 141.88 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 2018 से 2032 तक 25.2 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की जाएगी। इस बढ़ोतरी का प्रमुख कारण बढ़ती जागरूकता, तकनीकी प्रगति और सेलिब्रिटीज़ व एथलीट्स सहित हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों के बीच कॉस्मेटिक प्रक्रियाओं की बढ़ती मांग है। भारत में भी हेयर ट्रांसप्लांट क्षेत्र में तेज़ी से विस्तार हो रहा है, और यूजेनिक्स हेयर साइंसेज इस बदलाव का नेतृत्व कर रहा है। डॉ. प्रदीप सेठी और डॉ. अरिजा बंसल द्वारा स्थापित इस प्रतिष्ठित संस्थान ने अब तक 16,000 से अधिक हेयर ट्रांसप्लांट प्रक्रियाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं, जिनमें 1,800 से अधिक ग्रेड 6/7 गंजेपन के मामले शामिल हैं। भारत में हर साल लगभग 3.5 लाख हेयर ट्रांसप्लांट प्रक्रियाएं की जाती हैं, जहां यह बाजार 2022 में यूएसडी 195.25 मिलियन का था और 2029 तक 17.12 फीसदी की सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है।

सोने-चांदी के कीमतों ने बनाया नया ऑल टाइम हाई

सोना 90 हजार और चांदी लाख रुपए हुई पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ॥ भोपाल

सोने-चांदी की कीमतों में जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे दोनों धातुएं अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गईं। स्थानीय सराफा बाजार में सोना 24 कैरेट 90600 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पहुंच गया है, जबकि चांदी 1 लाख 1 हजार रुपए प्रति किलो ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। चांदी के कीमतों में सोमवार को 2500 रुपए प्रति किलो की तेजी आई है इसके पहले शनिवार को चांदी के भाव 98500 रुपए किलो ग्राम थी।

महंगे सोने ने बदला ट्रेंड, ग्राहक खरीद रहे कम कैरेट और हल्के वजन की: सोने की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने उपभोक्ताओं के खरीदारी पैटर्न में बड़ा बदलाव ला दिया है। शादी-ब्याह और अन्य पारंपरिक मौकों पर सोने की मांग बनी हुई है,लेकिन अब लोग भारी गहनों के बजाय हल्के वजन और कम कैरेट के आभूषणों की ओर रुख कर रहे हैं। आभूषण कारोबारियों का कहना है कि उच्च कीमतों के चलते ग्राहक 18 कैरेट या उससे कम शुद्धता वाले गहनों को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। साथ ही पुराने गहनों को बदलकर नए गहने लेने का चलन भी तेज हो गया है।

मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर हो रहा सोना

संजीव गर्ग (गांधी) ने बताया कि मौजूदा उच्च कीमतों के कारण निम्न और मध्यम वर्ग के लिए सोने की खरीदारी कठिन होती जा रही है, जबकि ये वर्ग मात्रा के हिसाब से सबसे बड़े खरीदार हैं। सोने की वैश्विक कीमतों में इस उछाल की एक प्रमुख वजह डमनी द्वारा बड़े पैमाने पर उधारी लेने और अमेरिका-यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव के कारण निवेशक सुरक्षित संपत्ति के रूप में सोने की ओर रुख कर रहे हैं। अमेरिका स्थित एल्गोरिदम विश्लेषक और अरोड़ा रिपोर्ट के लेखक निगम अरोड़ा के अनुसार सोने की कीमतें सरकारी उधारी बढ़ने पर चढ़ती हैं, क्योंकि फिएट मुद्राएं कमजोर होने पर सोना निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करता है।